कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय व्यय), नई दिल्ली-110002

सं. कल्याण/2-12/उष्ण व शीत/आर.ओ.सिस्टम/2019-26/ 104-111 दिनाँक:-01.06.2026

सेवा में,

____

____

____

____

विषय:-कैंट आर. ओ. सिस्टम हेतु वर्ष-2026-27 के लिए वार्षिक (दिनांक 01.07.2026 से 30.06.2027 तक) रख-रखाव का अनुबंध (AMC) के लिए सील बन्द निविदायें आमंत्रित करने हेतु।

महोदय,

कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय व्यय) एवं कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय प्राप्ति), नई दिल्ली में स्थित आर. ओ. सिस्टमों के लिए (दिनांक 01.07.2026 से 30.06.2027 तक) वार्षिक रख-रखाव का अनुबंध (AMC) किया जाना है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

क्रम सं.	मद का नाम	मदों की संख्या (कार्यालय)	
		डी.जी.ए. (केन्द्रीय व्यय)	डी.जी.ए. (केन्द्रीय प्राप्ति)
1.	75 लीटर आर.ओ.सिस्टम का अनुरक्षण	00	01
2.	50 लीटर आर.ओ.सिस्टम का अनुरक्षण	05	02
3.	25 लीटर आर.ओ.सिस्टम का अनुरक्षण	01	00
4.	10/15 लीटर आर.ओ.सिस्टम का अनुरक्षण	02	00
5.	50 लीटर आर.ओ.सिस्टम का अनुरक्षण (विभागीय कैंटीन में स्थापित 02 RO दिनांक 17.09.2026 तक वारंटी के अंतर्गत है।)	02	00
	कुल	**10**	**03**

अत: इच्छुक फर्मों/कम्पनियों से उपरोक्त कार्य के लिए निम्न शर्तों के आधार पर न्यूनतम दरों पर निविदायें आमंत्रित की जा रही है:-

1. सभी Kent R.O. System अनुबंध के आरम्भ में चालू हालत में दिये जायेगें तथा अनुबंध समाप्ति पर चालू हालत में ही होने चाहिये।

2. कार्यालय के सभी Kent R.O. System की सर्विस महीने में एक बार जरूर करनी होगी, जिसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

3. सीलबन्द निविदायें कल्याण अधिकारी/वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (कल्याण) को संबोधित करते हुए कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय व्यय), ऑडिट भवन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली-110002 को प्रेषित की जानी है।

4. निविदादाता अपनी निविदा के साथ पूर्व में किए गए कार्यों के Experience Certificate एवं Completion Certificate की प्रतियां भी लगायें।

5. फर्म के बिलों में से सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित आयकर की कटौती की जायेगी।

6. निविदादाता अपनी दरों को Comprehensive (With all parts) एवं Non Comprehensive (Without parts) अलग-अलग अंकित करें एवं GST की दरों को अलग से अंकित करें।

7. यदि कोई फर्म/कम्पनी उपरोक्त Kent R.O. System का निरिक्षण करना चाहें तो दिनांक 08.06.2026 से दिनांक 09.06.2026 के बीच कर सकती है। इस कार्य के लिए शुल्क देय नहीं होगा। निरीक्षण कार्य के लिए श्री अमित कुमार प्रसाद, व.ले.प. (मो. नं. 9582364384)/011-23454250 कल्याण अनुभाग से संपर्क करें।

8. निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11.06.2026 दोपहर 12.00 बजे तक है। निविदायें दिनांक 11.06.2026 को सांय 03.00 बजे खोली जायेगीं।

9. कार्यालय द्वारा अनुबंध उसी फर्म/कम्पनी का दिया जायेगा जिसके रख-रखाव की दरें कुल मिलाकर कम होगी।

10. उपरोक्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार इस कार्यालय के पास सुरक्षित है।

11. फर्म द्वारा R.O. की मरम्मत यदि दो कार्य दिवसों में नहीं की जाती है तो इसे खुले बाजार से ठीक करवा लिया जायेगा, जिसके व्यय को फर्म से वसूल किया जायेगा।

12. प्रस्तुत कार्य के लिये चुनी गई फर्म **को इस** कार्यालय में **अनुबंध के समय** **PAO, AG (Audit), Delhi** के पक्ष में रू. 10,000/- (**दस** हजार रुपये) **की सावधि जमा** (Fixed Deposit) (**14-महीनें**) प्रतिभूति राशि (Security Deposit) **के रूप में** जमा **करवानी होगी, अन्यथा अनुबंध रदद् कर दिया जाएगा।**

13. प्रस्तुत कार्य के लिये चुनी गई फर्म की प्रतिभूति राशि (Security Deposit) कार्यालय द्वारा अनुबन्ध **का कार्य** सन्तोषजनक समाप्त होने तक कार्यालय में रखी जायेगी।

14. असन्तोषजनक सर्विस होने की दशा में अनुबन्ध एक सप्ताह के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है तथा फर्म की देय राशि पर विचार नहीं किया जायेगा एवं प्रतिभूति राशि भी जब्त कर ली जायेगी।

15. विवाद के मामले में इस कार्यालय के निदेशक (प्रशा.) या उनकी ओर से नियुक्त व्यक्ति अंतिम निर्णय लेने वाला प्राधिकारी होगा।

16. निविदा खुलने के समय यदि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/कम्पनी का प्रतिनिधि उपस्थित रहना चाहे तो रह सकता है।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (कल्याण)